सुशासन दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के गुरुग्राम ज़िले में सुशासन दिवस पर **राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया।**

मुख्य बिंदु

- **हरियाणा में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ज़िले:**
  - हरियाणा में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ज़िलों में **कैथल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।**
  - **फतेहाबाद और झज्जर दूसरे और तीसरे** स्थान पर रहे।
- **राज्य प्रमुख योजना पुरस्कार:**
- **मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना:**
  - मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना ने श्रेणी में शीर्ष सम्मान प्राप्त किया।
  - इसे **गरीब परिवारों की आवास आकांक्षाओं को पूरा करने** तथा प्रत्येक गरीब व्यक्ति को आवास उपलब्ध कराने के लिये शुरू किया गया था।
  - राज्य योजना के तहत **15,250 लाभार्थियों को भूमि आवंटन** प्रमाण पत्र दिये गए।
- **टोहाना धान पराली प्रबंधन परियोजना:**
  - फसल अवशेष प्रबंधन योजना को इस श्रेणी में दूसरे स्थान पर रखा गया।
  - इसका उद्देश्य **फसल अवशेषों के संग्रह और भंडारण को और अधिक सुविधाजनक बनाना है।** इसके अलावा, अधिकारी इन फसल अवशेषों को खरीदने के लिये उद्योगों के साथ साझेदारी स्थापित करने पर भी काम कर रहे हैं।
- **हरियाणा परियोजना निगरानी प्रणाली (HPMS) पोर्टल:**
  - **HPMS पोर्टल को** तीसरा पुरस्कार मिला।
  - यह एक **वेब-आधारित सूचना डैशबोर्ड है जो** बुनियादी ढाँचा आधारित परियोजनाओं के **कार्यान्वयन की प्रगति की निगरानी और मूल्यांकन करने** में सहायता करेगा
- **अंबाला नगर निगम की पहल:**
  - **मासिक पास प्रणाली में** प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया तथा चौथा पुरस्कार प्राप्त किया।
- **विशेष विभागीय पुरस्कार:**
- **उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम:**
  - **मासिक न्यूनतम शुल्क माफी योजना** के लिये मान्यता प्राप्त।
- **निपुण हरियाणा मिशन निगरानी प्रणाली:**
  - हरियाणा शिक्षा परियोजना परिषद के तहत द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सुशासन दिवस

- यह दिवस नागरिकों में **सरकारी जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये 25 दिसंबर को मनाया जाता है।**
- वर्ष 2024 का विषय है " **भारत का विकसित भारत का मार्ग: सुशासन और डिजिटलीकरण के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना।"**
- इसकी शुरुआत वर्ष **2014 में पूर्व प्रधानमंत्री** अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में की गई थी।
- **पं. मदन मोहन मालवीय** की जयंती भी 25 दिसंबर को मनाई जाती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-level-awards-on-good-governance-day